मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-144
21/03/2021

गंडक नदी के सारण तटबंध पर चल रहे कटावरोधी कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया स्थल निरीक्षण

पटना, 21 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सारण जिले के पानापुर प्रखंड में करचोलियां गांव स्थित गंडक नदी के सारण तटबंध पर चल रहे कटावरोधी कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तटबंध को इस प्रकार से मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि आसपास के तटीय इलाके पूरी तरह से सुरक्षित रहे। निरीक्षण स्थल के समीप बने हेलीपैड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

पत्रकारों से बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सारण तटबंध को मजबूती प्रदान करने का काम तेजी से किया जा रहा है। काम बेहतर तरीके से चल रहा है। हमने सुझाव भी दिये हैं ताकि तटबंध को और अधिक मजबूत तथा सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बाढ़ के समय लोगों को परेशानी हुयी थी, जिसे ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा काम किया जा रहा था। कई जगहों पर एरियल सर्वे कर हमने स्थिति का जायजा लिया था। इस बार बरसात से पूर्व आज हमने स्थल निरीक्षण और एरियल सर्वे कर तटबंध की मरम्मत हेतु किये जा रहे कार्यों को देखा है। काम बेहतर ढंग से आगे बढ़ रहा है और उम्मीद है कि यह काम जल्द से जल्द पूरा हो जायेगा। तटबंध कमजोर होने से बरसात के समय में खतरा हो सकता है। उससे बचाव एवं लोगों की सुरक्षा के पूरे इंतजाम होने चाहिए। इसी को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारण तटबंध का पक्कीकरण भी किया जाएगा।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक श्री जनक सिंह, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सारण की प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती पूनम, सारण प्रक्षेत्र के डी0आई0जी0 श्री मनु महाराज, उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिलाधिकारी श्री अमित कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार, जल संसाधन विभाग के अभियंतागण, अन्य वरीय अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******